THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATION; (SHRI SUKH RAM): (a) and lb) At present no such proposal is under the consideration of the Department of Post for introducing credit cards system for postal account holders.

(c) No, Sir.

Infringement of copyrigot in preparing the cominemorative stamp

1254. SHRI ASHOK MITRA: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Government have received representations that in preparing the commemorative stamp in the honour of Shri Satyajit Ray, a photograph has been made use of without authorisation from the copyright owner;

(b) if so, what arrangements Government propose to make to settle the issue; and

(c) whether similar complaints of infringement of copyright had been made in the matter of issue of other commemorative stamp?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) Yes, Sir

Kb) The representation was examined, but found unsustainable

(c) Yes, Sir. There was one other complaint also-

दिल्ली के यमुनापार क्षेत्रों में खराब टेलीफोन सेवायें

1255. श्री अनन्तराम जायसवाल :
श्री सत्य प्रकाश मालवीय :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली के यमुनापार क्षेत्रों में टेलीफोन एक्सचेंजों की संख्या कितनी है और प्रत्येक एक्सचेंज के उपभोक्ताओं की टेलीफोन सुविधा उपलब्ध कराने की क्षमता क्या है एवं क्षमता के अनुपात में प्रत्येक एक्सचेंज द्वारा अब तक कितने उपभोक्ताओं को टेलीफोन सुविधा उपलब्ध करा दी गई है ;

(ख) यमुनापार क्षेत्रों में कितने टेलीफोन उपभोक्ता हैं और उपभोक्ताओं के टेलीफोनों की देख-रेख के लिये कितने कर्मचारी हैं और उनके पदनाम क्या-क्या हैं ;

(ग) यमुनापार के प्रत्येक टेलीफोन एक्सचेंज में खराब/बंद पड़े टेलीफोनों की संख्या कितनी है और उन्हें ठीक करने के लिये प्रतिदिन एक्सचेंजेज में कितनी शिकायतें आती हैं और उनमें से कितनी शिकायतों को प्रतिदिन दूर किया जाता है ;

(घ) क्या 1991 में तत्कालीन संचार मंत्री ने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिये कोई नियम बनाया था, यदि हां, तो वह नियम क्या है और क्या अधिकारियों द्वारा उस नियम का पालन किया जाता है; और

(ङ) क्या सरकार टेलीफोन विभाग में व्याप्त कुप्रबंध को दूर कर टेलीफोन सेवा को चुस्त बनाने, उपभोक्ताओं को बेहतर टेलीफोन सुविधा उपलब्ध कराने तथा उनको विभाग की परेशानी से बचाने सहित बन्द पड़े सार्वजनिक टेलीफोनों को ठीक कर उनके सुचारू रूप से कार्य करने आदि की दिशा में जिससे कि इन सेवाओं में सुधार आ सके, कोई कदम उठाने पर विचार कर रही है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री : (श्री सुखराम)

क्रम संख्या	एक्सचेंज का नाम	सज्जित क्षमता 28.2.95	चालू कनेक्शन	उपयोग का प्रतिशत
1.	लक्ष्मीनगर	81,000	73,830	91.14
2.	शाहदरा	39,000	27,136	69.57
3.	मयूर विहार–1	11,000	9,893	89.93
4.	यमुना विहार	10,000	9,426	94.26

(ख) 28–2–95 की स्थिति के अनुसार, यमुनापार में चालू कनेक्शन 1,20,285 संवर्गवार अनुरक्षण कर्मचारियों की संख्या के ब्यौरे इस प्रकार हैं:–

संवर्ग का नाम	संख्या
क.प्र.ग्रेड	2
एस.टी.एस.ग्रुप,क	11
टी.ई.एस. ग्रुप, ख	41
ग्रुप, ग	480
ग्रुप, घ	466
योग	1000

(ग) सूचना संलग्न विवरण में दी गई है। (नीचे देखिये)

(घ) इस मंत्रालय के अनुदेश जारी कर दिये गये हैं कि टेलीफोन दोष शीघ्र दूर किये जायें और उपभोक्ताओं को देर तक दोष रहने की सूचना दी जाये।

(ङ) सेवाओं में सुधार के लिये निम्नलिखित उपाय किये गये हैं:—

(i) स्विचन नेटवर्क को आधुनिक बनाना।

(ii) पुराने और कार्यकाल समाप्त टेलीफोन एक्सचेंजों को बदलना।

(iii) आप्टिकल फाइबर और डिजिटल माइक्रोवेव प्रणालियों को शुरू करना।

(iv) बाह्य संयंत्र का उन्नयन।

(v) विभिन्न सेवाओं का कम्प्यूटरीकरण।

(vi) अतिरिक्त कम्प्यूटरीकृत ग्राहक सेवा केन्द्र/त्वरित ग्राहक सेवा केन्द्र खोलना।

(vii) सुधरे हुए किस्म के ग्राहम इंटरफेस जैसे टेलीफोन अदालत, खुले सत्र वाणिज्यिक सेवाओं आदि का विकेन्द्रीयकरण का प्रावधान।

विवरण

क्र.सं.	एक्सचेंज का नाम	अनुबंध 15–3–95 को बुक किये दोषों की संख्या	15–3–95 से निपटाये गये दोषों की संख्या
1	लक्ष्मीनगर	368	412
2	मयूर विहार	81	91
3	शाहदरा	205	186
4	यमुनाविहार	54	40
	जोड़	708	729

नोट:–(1) आगे ले जाये गये मामलों की संख्या 860 है। 15–3–95 को निपटाये गए दोषों में आगे ले जाए गए लम्बित दोष भी शामिल हैं, जिन्हें निपटाया गया।

(2) उपर्युक्त आंकड़े एक दिन का निष्पादन माना गया है।